>

Title: Need to set up a Kendriya Vidyalaya in Salempur Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh - Laid.

श्री हरिकेवल प्रसाद (सलेमपुर) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र सलेमपुर में कोई भी केन्द्रीय विद्यालय नहीं है इसके लिए ग्राम पंचायत चेरो ने चेरो गांव के पास केन्द्रीय विद्यालय हेतु भूमि आबंटित कर दी है और इसकी सूचना जिला प्रशासन को भी दे दी है। यह भूमि सड़क के किनारे पर स्थित है और सलेमपुर से मात्र पांच किलोमीटर की दूरी पर है। सलेमपुर में केन्द्रीय विद्यालय स्थापित करने हेतु काफी समय से मांग की जा रही है परन्तु सरकार ने इस पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की है। इस साल कई सांसदों को उनके कोटे में प्रवेश भी नहीं दिया क्योंकि कोटा में बताया गया कि जिन सांसदों के संसदीय क्षेत्रों में केन्द्रीय विद्यालय नहीं थे, उनको अपने कोटे के लाभ से वंचित होना पड़ा। यह संसदीय इतिहास में पहली बार हुआ है। संसदीय क्षेत्र में स्कूल नहीं होने पर पास के जिले में कोटे के अंतर्गत प्रवेश दे दिया जाता है। साथ ही साथ यह भी अनुरोध है कि प्रत्येक सांसद के संसदीय क्षेत्र में एकर-एक केन्द्रीय विद्यालय खोला जाये।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र सलेमपुर में शीघ्र एक केन्द्रीय विद्यालय स्थापित किया जाये।